हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 1 अप्रैल 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 कल्याणपुर के कोटबहरा गांव में हाथियों के दल ने किसानों की फसलें की बर्बाद



## खबर संक्षेप

### हनुमान जयंती पर धार्मिक अनुष्ठान कल

**अम्बिकापुर।** शहर में हनुमान जयंती गुरूवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिरों में विविध धार्मिक अनुष्ठान, हनुमत प्रभु का भव्य श्रृंगार एवं भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। स्कूल रोड स्थित हनुमान मंदिर में हनुमत जयंती को लेकर लम्बे समय से तैयारियां चल रही है। इस अवसर पर विशेष पूजा-हवन उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। पीजी कॉलेज के सामने दत्ता कॉलोनी स्थित संकट मोचन दक्षिणमुखी बालाजी हनुमान मंदिर में बुधवार को सुबह 10 बजे अखण्ड रामायण पाठ प्रारंभ किया जाएगा जिसकी पूर्णाहूति गुरूवार को होगी। इस दिन संकट मोचन का भव्य श्रृंगार करने के साथ ही पूजा-हवन एवं सायंकाल में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टोरेट स्थित इच्छापूर्ति दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में गुरूवार को सुंदरकाण्ड के पाठ उपरांत सायं 5.30 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के तहत मल्लखंब प्रतियोगिता कल से

**अम्बिकापुर।** खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के तहत सरगुजा में राष्ट्रीय स्तर की मल्लखंब प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। मल्लखंब की यह प्रतियोगित 2 अप्रैल से शुरू हो रहे है। हालांकि प्रतियोगिता के दौरान प्रदर्शनात्मक मैच ही होंगे। इसे लेकर भी जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा तैयारियां की जा रही है।

### ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार युवती की गई जान

**रजपुरीकला।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम मुनगा खरसुरा निवासी महेश्वरी आ. सुखल राम कंवर (21 वर्ष) अपने दो साथियों के साथ खरीदारी करने बाइक से आई थी। शाम को युवती रजपुरी कला की ओर से लखनपुर की जा रही थी तभी एनएच 130 पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवती के सिर पर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके साथियों का मामूली चोटें आई। इधर घटना की सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच लाश को स्थानीय अस्पताल मे मरच्यूरी कक्ष रखवा दिया है। साथ ही घटना कारित वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### चाभी नहीं देने पर मां-बेटे पर जानलेवा हमला, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** रामानुजगंज थाना अंतर्गत ग्राम कनकपुर निवासी राजकुमार रवि ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 26 मार्च की दोपहर मां शांति देवी मकान के अहाता में दरवाजा लगवा रही थी। इसी दौरान संजय राम शराब के नशे में धुत्त होकर पहुंचा और शांति देवी से घर के चाभी मांगा जब शांति देवी ने मना किया तो संजय ने भाई संजीत व पत्नी संगीता के साथ मिलकर साबर, टांगी से शांति देवी पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना को देख जब पुत्र बीच बचाव करने लगा तो उसके साथ भी मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 117(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## मजदूर ने बाड़े का गेट छोड़ दिया था खुला, विभाग की बड़ी लापरवाही

# मजदूर की लापरवाही से आहार देने के दौरान संजय वन वाटिका से भाग निकला हिरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संजय वन वाटिका में सोमवार को हैरान कर देने वाली घटना हो गई। हिरणों के बाड़े का गेट खोलकर खाना देने के दौरान एक हिरण वाटिका से भाग निकला। इस दौरान बाड़े से मुख्य द्वार तक वनकर्मियों के मौजूद होने के बा व जू द किसी को भी इसकी भनक तक नहीं लग सकी। पहली बार हुई इस तरह की घटना ने विभाग के कार्यप्रणाली की पोल खोल दी है।

**खास बातें**
- तलाशने पूरी रात बांस बाड़ी में चलाया गया अभियान
- अधिकारी हिरण के बांसबाड़ी में मौजूद होने का कर रहे दावा
- मंगलवार को भी चला अभियान

कुत्तों के कथित हमले में 15 हिरणों की मौत होने के बाद विभाग ने संजय वन वाटिका की व्यवस्था को बदल दिया है तथा वाटिका का संचालन करने वाली वन प्रबंधन समिति को व्यवस्था से पृथक कर दिया है। वन विभाग वाटिका का संचालन स्वयं कर रहा है। विभाग द्वारा व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव करने एवं समिति को पृथक करने के निर्णय पर वाटिका में रह रहे वन्य जीवों का प्रबंधन एवं देखरेख प्रभावित होने के संबंध में वन मण्डलाधिकारी अभिषेक जोगावत ने दावा किया था कि समिति को पृथक करने से वाटिका के प्रबंधन एवं देखरेख में कोई भी समस्या नहीं होगी।



रात में हिरण की तलाश करते वनकर्मी।

### पहुंचे अन्य अधिकारी-कर्मचारी

संजय वन वाटिका से हिरण के भागने की सूचना पर वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल आसपास के क्षेत्रों से वन अधिकारी एवं कर्मचारियों को बुलवाया एवं पूरी रात हिरण को तलाशने का अभियान चलाया। डीएफओं अभिषेक जोगावत स्वयं अभियान का नेतृत्व कर रहे थे। वन अधिकारी ड्रोन चलाने पर बार्किंग डियर को बांस बाड़ी में देखा। इस दौरान वनकर्मियों ने बार्किंग डियर के नाम से विख्यात कोटरी को पकड़ने की भी कोशिश की लेकिन उसे पकड़ नहीं सके। विभाग द्वारा हिरण की सुरक्षा के लिए बांसबाड़ी में चौकीदारों की ड्यूटी लगाई गई है। विभाग द्वारा हिरण को तलाशने के लिए मंगलवार को भी ड्रोन की मदद से हिरण को पकड़ने का अभियान चलाने की तैयारियां की गई है।

### हिरणों की स्वास्थ्य जांच, बंद रही वाटिका

विभाग द्वारा संजय वन वाटिका के हिरणों को अभ्यारण्य अथवा टाइगर रिजर्व के प्राकृतिक वातावरण में छोड़ने की तैयारियां की जा रही है। मंगलवार को वाटिका को बंद कर सभी हिरणों की पशु चिकित्सकों ने स्वास्थ्य जांच की। चिकित्सकों की जांच रिपोर्ट पर पीसीसीएफ आवश्यकता के अनुरूप हिरणों को प्राकृतिक रहवास में छोड़ने की अनुमति प्रदान करेंगे। वाटिका के हिरण किस जंगल में छोड़े जाएंगे अभी यह तय नहीं हो सका है। पीसीसीएफ के निर्देश पर संबंधित टाइगर रिजर्व अथवा अभ्यारण्य प्रबंधन हिरणों को वाटिका से सुरक्षित ले जाने एवं जंगल में छोड़ने का काम करेगा।

वर्तमान में वाटिका में पदस्थ सभी वनकर्मी एवं मजदूर वन्य जीवों के विशेषज्ञ हैं तथा बेहतर तरीके से देखरेख करेंगे। हिरणों की मौत के तीन दिन बाद से नई व्यवस्था के तहत वाटिका का संचालन किया जा रहा है तथा पांच दिन के भीतर ही वनकर्मियों की लापरवाही से हैरान करने वाली घटना घट गई। बताया जा रहा है कि सोमवार अपराह्न एक मजदूर को हिरणों को आहार देने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। मजदूर हिरणों का आहार लेकर बाड़े में घुसा था तथा बाड़े का दरवाजा खुला छोड़ दिया था। मजदूर बाड़े में हिरणों को आहार खिलाने में व्यस्त था इधर एक हिरण खुले गेट से बाड़े के बाहर निकला तथा छलांग लगाते हुए वाटिका के पीछे के घेरे से बाहर निकल गया। काफी देर बाद जब वनकर्मियों को इसकी जानकारी मिली तो वनकर्मी सक्रिय हुए तथा वन अमले ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। संजय वाटिका एवं सीसीएफ कार्यालय से सटे बांसबाड़ी जंगल में देर रात तक हिरण को तलाशते रहे। लगातार तलाश के बावजूद अभी तक हिरण का पता नहीं चल पाया है। आसपास में बांसबाड़ी के अतिरिक्त कोई दूसरा जंगल मौजूद नहीं है। ऐसे में हिरण के आबादी क्षेत्र में जाने पर कुत्तों का शिकार बनने का खतरा बढ़ गया है।

### बांस बाड़ी में हैं बार्किंग डियर

संजय वन वाटिका से भागा बार्किंग डियर बांस बाड़ी में ड्रोन के माध्यम से सुरक्षित देखा गया है। विभाग द्वारा पूरी रात अभियान चलाने के बावजूद हिरण को पकड़ा नहीं जा सका है। आज भी ड्रोन की मदद से अभियान चलाकर हिरण को पकड़ने का प्रयास किया जाएगा। जंगल में छोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार को पशु चिकित्सकों द्वारा हिरणों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है।

-अभिषेक जोगावत
डीएफओ, सरगुजा

# राष्ट्रीय कुश्ती स्पर्धा के पुरुष वर्ग में हिमाचल तो महिला वर्ग में असम बना ओवरऑल चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स कुश्ती का समापन, चार दिनों तक चली प्रतियोगिता, 30 राज्यों से 144 खिलाड़ी हुए शामिल
- बेटियों ने सरगुजा की धरती पर रचा इतिहास

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के तहत चार दिनों तक चली कुश्ती प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर के 30 राज्यों से 144 खिलाड़ी शामिल हुए और अपना दमखम दिखाया। चार दिवसीय प्रतियोगिता के अंतिम दिन टीम चैंपियनशिप परिणाम घोषित किए। पुरूष वर्ग में हिमाचल प्रदेश राज्य ओवर ऑल चैंपियन रहा, वहीं जम्मू कश्मीर फर्स्ट रनरअप, महाराष्ट्र एवं झारखण्ड सेकंड रनरअप बना। महिला वर्ग में असम राज्य ओवर ऑल चैंपियन रहा, वहीं झारखण्ड फर्स्ट रनरअप, कर्नाटक एवं तेलंगाना सेकंड रनरअप रहे। इस प्रतियोगिता में बेटियों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सरगुजा की धरती पर इतिहास रचा।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के तहत कुश्ती प्रतियोगित का आयोजन 28 से 31 मार्च तक शहर के गांधी स्टेडियम में किया गया। इस दंगल में महिला और पुरुष वर्ग में देशभर के 30 राज्यों से 144 खिलाड़ी शामिल हुए। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के अपनी क्षमता और पैतरों का प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान विजेता खिलाड़ियों को भी स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए गए। मंगलवार को चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन किया गया। प्रतियोगिता में महिला सीनियर 57 किलोग्राम भारवर्ग में तेलंगाना की नागलक्ष्मी ने गोल्ड, कर्नाटक की शालीना सिद्धि ने सिल्वर, कर्नाटक की अमूल्या भीमसेन कुन्दरगी ने कांस्य पदक जीता। महिला सीनियर 68 किलोग्राम भारवर्ग में कर्नाटक के प्रिंसिता पेड्र फ़र्नान्डिस सिद्दी को गोल्ड, मिजोरम के एलिजाबेथ रोहलुपुल्ल को सिल्वर, गुजरात के चावड़ा लीलाबेन मैयाभाई एवं राजस्थान की बालकेश कुमारी मीना को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। पुरूष सीनियर फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम भारवर्ग में ⏭ शेष पेज 4 पर



अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी।

### कर्नाटक की मनीषा जोंस सिद्दी ने जीता गोल्ड





खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के प्रथम ऐतिहासिक संस्करण में कर्नाटक की बेटी मनीषा जोंस सिद्दी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कुश्ती के 76 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। स्वर्ण पदक की चमक के साथ मनीषा की निगाहें अब भविष्य की बड़ी चुनौतियों पर हैं। छत्तीसगढ़ की धरती पर मिली इस सफलता से उत्साहित मनीषा अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने की तैयारी में जुटी हैं। उनका अंतिम लक्ष्य विश्व पटल पर स्वर्ण पदक जीतकर देश का मान बढ़ाना है।

### टूटे कंधे के साथ लाइ मेडल

कुश्ती जैसे खेल में जहां फिटनेस और ताकत सबसे बड़ी जरूरत होती है, वहां चोटिल कंधे के साथ मैट पर उतरना अपने आप में बड़ा जोखिम है। झारखंड की 19 वर्षीय पहलवान पूनम ऑरन ने इस जोखिम को चुनौती में बदला और दर्द के बावजूद मुकाबले दर मुकाबले जीत हासिल करते हुए पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। फाइनल में भी पूनम बाएं कंधे पर पट्टी बांधकर उतरीं। हर मूव के साथ दर्द साफ नजर आ रहा था, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और अंत तक लड़ते हुए मुकाबला अपने पक्ष में किया। पूनम ने महिलाओं की 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में तेलंगाना की के. गीता को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

# हैंडपंप चलाने को लेकर मामूली विवाद में टांगी से वारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हैंडपंप चलाने को लेकर हुए मामूली विवाद में ग्रामीण ने अपने ही साथी की टांगी से वारकर हत्या कर दी। आरोपी ने टांगी से साथी के पैर पर वार किया था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, लुंड्रा थाना क्षेत्र की घटना

लुंड्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करेसर पहाड़पारा हाल मुकाम पटोरा जोबलापारा निवासी रामसाय दीवान ने 29 मार्च को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपने रिश्ते के भाई संजय के कहने पर बुधसाय के घर संजय को छोड़ने गया था। इस दौरान बुधसाय के घर पहुंचने के बाद बुधसाय और राकेश के कहने पर रामसाय दोनों को बिठाकर बस्ती की तरफ जा रह था। बाइक चलाते समय रास्ते में रामसाय की आंख में मक्खी घुस गई थी जिसके बाद वह गाड़ी रोककर सड़क किनारे मौजूद हैंडपंप के पास आंख धोने गया था। आंख धोने के दौरान बुधसाय हैंडपंप चला रहा था। जब रामसाय ने अपने आंख धो लिए तो राकेश ने भी पानी पीने के लिए बुधसाय को हैंडपंप को चलाने के लिए बोला जिसकार बुधसाय ने गाली गलौज शुरू कर दी। गाली सुनकर राकेश ने भी बुधसाय को धक्का मार दिया। मामूली बात को लेकर हुए विवाद और गाली गलौज के बाद बुधसाय ने अपने पास रखे टांगी से राकेश के पैर पर वार कर दिया। टांगी के हमले से राकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में राकेश को उपचार के लिए धौरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था लेकिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भी उपचार के दौरान राकेश की मौत हो गई। इस मामले में अस्पताल चौकी पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया था। मर्ग जांच में ग्रामीण की मौत टांगी के वार से होने की पुष्टि हुई। मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेने के साथ ही आरोपी लुंड्रा के पटोरा करंजपारा निवासी 60 वर्षीय बुधसाय उर्फ़ जीबलाल घासी आ. स्व. बियट घासी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।



पुलिस ने आरोपी बुधसाय उर्फ़ जीबलाल घासी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लुंड्रा निरीक्षक प्रदीप जायसवाल, आरक्षक सतीश, राजकुमार यादव, इबनुल खान, वीरेंद्र खलखो, अनिल पैकरा, रामसाय नागेश सक्रिय रहे।

## दूसरे दौर के परीक्षण के लिए पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सक

# शूकर फार्म के शूकरों पर अफ्रीकन स्वाइन फीवर टीका का परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वाइन फीवर की रोकथाम के लिए हाई सेक्योरिटी लैब द्वारा विकसित किए गए टीके के दूसरे चरण का परीक्षण शासकीय शूकर फार्म के शूकरों पर किया गया।

स्वाइन फीवर शूकरों को होने वाला खतरनाक संक्रामक रोग है जिसके प्रभाव से बड़ी संख्या में शूकरों की मौत होती है। अफ्रीकन शूकरों में बहुतायत में इस बीमारी का प्रभाव होने के कारण इस संक्रामक बुखार को अफ्रीकन स्वाइन फीवर के नाम से जाना जाता है। शासकीय शूकर फार्म के प्रभारी डॉ.अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस संक्रामक बीमारी का प्रभाव 7 वर्ष पूर्व तक भारत में नहीं था। छह साल पूर्व नस्ल सुधार के लिए अमेरिका से उन्नत नस्ल के शूकर अरुणाचल प्रदेश सहित पश्चिमोत्तर के राज्यों में लाए गए थे। इन शूकरों के माध्यम से पश्चिमोत्तर के राज्यों में संक्रामक अफ्रीकन फीवर फैलने से भारी संख्या में शूकरों की मौत हुई थी। संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रभावित क्षेत्र के एक किमी परिधि के शूकरों को मारने के निर्देश हैं। इस रोग की रोकथाम के लिए पहली बार नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सेक्योरिटी लैब भोपाल द्वारा पहली बार टीका विकसित किया गया है जिसका परीक्षण शासकीय शूकर फार्म सकालों के शूकरों पर किया जा रहा है।



आईसीआर के निर्देश पर पूर्व में भी भोपाल के विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम सकालों स्थित शासकीय शूकर फार्म पहुंची थी तथा शूकरों का प्रथम दौर का टीकाकरण किया था। दूसरे दौर के टीकाकरण के लिए विशेषज्ञों की टीम शुक्रवार को पहुंची है तथा शूकरों का टीकाकरण कर रही है। शासकीय शूकर फार्म के प्रभारी डॉ.अग्रवाल ने बताया कि विशेषज्ञ चिकित्सक 6 महीने तक शूकरों का विभिन्न चरणों का टीकाकरण करेंगे। टीकाकरण पूरा होने के उपरांत टीका के प्रभाव का अध्ययन किया जाएगा।



## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में अभिभावक-शिक्षक बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर में अभिभावकों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं काफी संख्या में अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाना तथा घर और विद्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। बैठक की शुरूआत सरस्वती वंदना के साथ की गई, इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य ने सभी उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्र एवं मुख्य अतिथि पवन सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में शिक्षकों एवं अभिभावकों के बीच बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन, व्यवहार एवं उनके समग्र विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी देते हुए अभिभावकों को उनके बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यह भी बताया गया कि नियमित उपस्थिति, समय पर गृहकार्य और सकारात्मक वातावरण बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य एवं व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्र ने विद्यालय की वर्तमान गतिविधियों, हाल ही में प्राप्त उपलब्धियों तथा भविष्य की योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, संस्कार और अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

### लिटिल मिलेनियम प्री स्कूल ग्रेजुएशन का समारोह

**मनेन्द्रगढ़।** लिटिल मिलेनियम प्रीस्कूल में किंडरगार्टन ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। यह विशेष अवसर नन्हे-मुन्नों के शैक्षणिक जीवन की पहली बड़ी उपलब्धि का साक्षी बना, जहां खुशियों, भावनाओं और अभिभावकों के गर्व का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरा हॉल उत्साह से ओत-प्रोत था, मानो छोटे-छोटे कदमों ने नई उड़ान का संकल्प ले लिया हो। इस आयोजन की सराहनीय विशेषता यह रही कि विद्यालय ने अपने ही छात्रों के अभिभावकों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया, जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें नगर पंचायत झगराखंड से विधायक प्रतिनिधि उमेश कुमार जायसवाल, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद मोहम्मद इमरान खान, आत्मानंद स्कूल चिरमिरी के प्रिंसिपल शुभम अग्रवाल तथा भारतीय वायु सेना के प्रशिक्षक जेएस आर पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कंचनपुर में ग्रामीण चार साल से हो रहे परेशान

# टंकी बनी, पाइप लाइन विस्तार फिर भी पानी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

गर्मी की शुरूआत होने के साथ ही जिले के कई क्षेत्रों में भू-जल स्तर में गिरावट आनी शुरू हो जाती है, इसके चलते जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। लोगों के घर-घर तक पेयजल पहुंचाने के लिए केन्द्र की जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से करोड़ो रूपए पानी के लिए बहा दिए गए, बावजूद इसके योजना का लाभ किसी भी पंचायत क्षेत्र में नहीं मिल रहा है। उक्त योजना के तहत जिले के प्रत्येक पंचायत क्षेत्रों में लाखों की पानी टंकी, लोगों के घरों के सामने नल के कनेक्शन के पोस्ट खड़े-खडे शोभा बढ़ा रहे है।

विभिन्न कारणों से जिले के पंचायत क्षेत्रों में जल जीवन मिशन का कार्य पूरा नहीं हो पाया, इसके चलते जिले के कई पंचायत क्षेत्रों में करोड़ों खर्च के बाद भी ग्रामीण परिवारों को इस गर्मी में पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। खासकर गर्मी के शुरूआत होने के साथ ही जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगता है। ज्यादातर गांव में हैंडपंप पेयजल प्राप्त करने के प्रमुख माध्यम है, लेकिन गर्मी के शुरूआत होने के साथ ही कई क्षेत्रों में जल स्तर घटने के कारण हैंडपंप भी किसी काम के नहीं रह जाते। मिली जानकारी के अनुसार जिले के कई पंचायत क्षेत्रों में स्थित सार्वजनिक हैंडपंपों में कुछ बिगड़े पडे हैं तो कई हैंडपंप के हलक अभी से सूखने लगे हैं।



पाइप लाइन में बांधी गई बकरी।



खस्ताहाल स्टैंड पोस्ट।




निर्माण कार्य का लगा बोर्ड।

### लाखों खर्च के बाद भी टंकी प्यासी

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर से लगे ग्राम पंचायत कंचनपुर में जल जीवन मिशन के तहत 126.1 लाख रूपए योजना के तहत स्वीकृत की गई थी, इससे पानी टंकी निर्माण और पाइप लाइन विस्तार हुआ, नल के कनेक्शन दिए गए, लेकिन कई साल बीत जाने के बाद भी पेयजल सप्लाई शुरू नहीं हो पाई। यहां वर्ष 2022 में उक्त योजना के तहत कार्य प्रारंभ हुआ था और चार साल बीतने के बाद भी लोगों को पेयजल नहीं मिल पा रहा हैं।

### मुख्यालय से सटी पंचायत का हाल बेहाल

जल जीवन मिशन के तहत हर घर पेयजल पहुंचाने की योजना जल जीवन मिशन योजना का हाल कोरिया जिले में ठीक नहीं है। पानी के लिए करोड़ों खर्च करने के बाद भी स्थिति चिंताजनक है। ऐसा हाल जिले के दूरस्थ क्षेत्रों को छोड़ दिया जाए तो जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत कंचनपुर का हाल भी बेहाल है। यहां भी उक्त योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने की योजना दम तोड़ चुकी है। इसी से समझा जा सकता है कि जिले में जल जीवन योजना का क्या हाल है। मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निकट ग्राम पंचायत कंचनपुर में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण किया गया। गांव में पाइप लाइन का विस्तार भी किया गया और लोगों के घरों के सामने नल के कनेक्शन देकर पोस्ट भी खडे कर दिए गए हैं, लेकिन कई साल बीत जाने के बाद अब तक पेयजल सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है, इसके चलते लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है।

### एक बाल्टी पानी के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण

ग्राम कंचनपुर के ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन केनल में पानी ही नहीं आता है, टंकी सूखा पड़ा है, ऐसे में कई ग्रामीण परिवार हैंडपंप के सहारे हैं, जहां से एक बाल्टी पानी के लिए भी उन्हें परेशान होना पड़ रहा है। कई लोगों के स्वयं के पेयजल साधन हैं, लेकिन कई लोग सार्वजनिक हैंडपंप के सहारे हैं, उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

# संभाग स्तरीय स्पर्धा में कोरिया की हैट्रिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

▪ युवा संसद में लगातार तीसरी बार विजेता

संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता 2025-26 में कोरिया जिले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ जिले ने प्रतियोगिता में हैट्रिक बनाई है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी विनोद राय एवं सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में कोरिया की टीम ने यह सफलता प्राप्त की। युवा संसद के नोडल अधिकारी एएल गुप्ता के सहयोग में प्रभारी श्रीमती जिज्ञासा दुबे, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी भूपेन्द्र पाल, परियोजना अधिकारी श्री पटेल एवं सहायक प्रभारी अनुराधा सोनपाकर, स्वीटी मिश्रा, अभिषेक कुमार गुप्ता और सौरभ नामदेव के साथ शासकीय आदर्श कन्या विद्यालय बैकुंठपुर एवं सेजस बैकुंठपुर के 50 छात्र-छात्राओं की टीम ने 29 मार्च को अंबिकापुर में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में कोरिया जिले को विजेता घोषित किया गया। साथ ही प्रतिभागी आरजू अंसारी को सर्वश्रेष्ठ प्रधानमंत्री, रोहित तिर्की को सर्वश्रेष्ठ सांसद एवं लक्ष्मी सिंह को सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता का पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम केदौरान शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की व्याख्याता श्रीमती जे. दुबे को शिक्षा श्री सम्मान से नवाजा गया, वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुंदरपुर के प्राचार्य भंवर पाल सिंह को उत्कृष्ट प्राचार्य सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से जिले में हर्ष का माहौल है।



### कृषि आदानों में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं

**मनेन्द्रगढ़।** खरीफ 2026 सीजन में किसानों को बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक की समय पर एवं निर्धारित दर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर एमसीबी के निर्देश पर उप संचालक कृषि, जिला एमसीबी ने कृषि आदानों की कालाबाजारी, जमाखोरी, अधिक मूल्य पर विक्रय एवं अवैध भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। इस उद्देश्य से जिले में उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है, जो सतत रूप से निरीक्षण कर बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेताओं के स्टॉक, वितरण एवं मूल्य की जांच करेगी। टीम द्वारा अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया है कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित विक्रेता/संस्था के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन आज से

**मनेन्द्रगढ़।** श्री सिद्धपीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर वार्ड क्रमांक 14 झगराखांड रोड में 1 एवं 2 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। श्री हनुमान सेवा समिति द्वारा इस आयोजन के लिए नगरवासियों को सपरिवार आमंत्रित किया गया है।



कार्यक्रम की शुरूआत 1 अप्रैल बुधवार को प्रातः 8 बजे से अखंड रामायण पाठ के साथ होगी। 2 अप्रैल गुरूवार को प्रातः 8:30 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी, इसमें काफी संख्या में महिलाएं एवं श्रद्धालु भाग लेंगे। उसी दिन प्रातः 11 बजे से विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से प्रसाद वितरण (भंडारा) रखा गया है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं से शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की गई है। आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम को भव्य स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है। मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है और विभिन्न व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने नगर एवं आसपास के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है। पूरे क्षेत्र में इस धार्मिक आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## चिरमिरी में ऑल इंडिया मुशायरा नामी शायरों ने दी प्रस्तुति

▪ देशभर के शायरों ने बांधा समां

**वेस्ट चिरमिरी।** मंगलवार को बड़ा बाजार चिरमिरी में ऑल इंडिया मुशायरा एवं शाम ए सूफी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छग उर्दू अकादमी द्वारा आयोजित इस मुशायरे में देशभर के नामी शायरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महाराजा अग्रसेन भवन बड़ा बाजार में आयोजित इस शानदार कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के द्वारा किया गया। इसके बाद कई नामचीन शायरों ने अपनी शायरी से लोगों का खूब मनोरंजन किया।

शायरों में शेख निजामी जबलपुर, आलोक नारायण महाराष्ट्र, हाजी इसराइल साद दुर्ग, इरफानुद्दीन इरफान रायपुर, विजय सोनी शान बैकुंठपुर, श्याम कश्यप बेचैन अंबिकापुर, कासिम अली फूल वाला मनेन्द्रगढ़, सीएल मिश्रा साहिल चिरमिरी, मोहम्मद ताहिर आजमी बैकुंठपुर और रमेश गुप्ता मनेन्द्रगढ़ ने अपनी शायरी से समां बांध दिया। रमेश गुप्ता की शायरी सलामत हमारी मोहब्बत रहेगी,भले दरमियां कुछ शिकायत रहेगी। इसी सरजमीन पर जिएंगे मरेंगे, वतन से वफा ताकयामत रहेगी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। कासिम अली फूल वाला की इस शायरी ने भी सभी का खूब मनोरंजन किया। माना गुलों के काम के हम खार नहीं है, कारगर भले ना हो बेकार नहीं है, कांटों से भी कांटे निकाल लेते हैं कुछ लोग,कैसे कहें कि हम आपस में दरकार नहीं है। देशभर से आए शायरों की बेहतरीन शायरी के बाद आर के लाइव ग्रुप नई दिल्ली के द्वारा जोरदार सूफी गायन किया गया, जिसे दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, महापौर रामनरेश राय, कार्यक्रम व्यवस्थापक माबूद अली, जिलाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा असलम खान, सचिव उर्दू अकादमी रायपुर, मनीष खटीक, शहाबुद्दीन, नरेन्द्र साहू पार्षद गण, ज्ञानी गुरमीत सिंह और अल्ताफ अहमद के साथ दर्शकों की काफी संख्या में भीड़ रही।

### अवैध रूप से रखा 2 टन कोयला जब्त

**चरचा कॉलरी।** क्षेत्र में अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए माफियाओं की कमर तोड़ने का काम किया है। सोमवार देर रात करीब 11 बजे चरचा थाना प्रभारी आनंद सोनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मैगजीन ग्राउंड स्थित बांस नर्सरी में दबिश देकर कोयले से लदा एक टाटा वाहन (सीजी 16 सीएस 3021) जब्त किया। पुलिस को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में वाहन से करीब 2 टन कोयला बरामद हुआ, जिसे बोरियों में भरकर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने मौके पर ही वाहन को कब्जे में लेकर थाना परिसर में खड़ा कराया और आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी आनंद सोनी के पदभार संभालने के बाद से ही क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार पर लगातार शिकंजा कसता जा रहा है। उनकी सक्रियता और कड़े रवैए के चलते अब तक कई कोयला तस्कर पकड़े जा चुके हैं, जिससे माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

# नेता प्रतिपक्ष बोले-जितनी मेहनत करनी चाहिए श्यामबिहारी उससे कहीं ज्यादा कर रहे हैं, मेरी शुभकामनाएं उनके साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

▪ मनेन्द्रगढ़ की धरती से गूंजी मंत्री जायसवाल के कार्यों की धमक

छग की सियासत में कथनी और करनी का अंतर अक्सर चर्चा में रहता है, लेकिन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने अपने विभाग के प्रति समर्पण और दिन-रात की मेहनत से एक नई इबारत लिख दी है। उनकी कार्यशैली का जादू अब केवल सत्तापक्ष तक सीमित नहीं रहा, बल्कि प्रदेश के सबसे अनुभवी राजनेता और नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत भी उनके कायल नजर आ रहे हैं। मनेन्द्रगढ़ प्रवास पर पहुंचे डॉ. महंत ने स्वास्थ्य मंत्री के कार्यों पर जो मुहर लगाई है, उसने राजनैतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है।

मनेन्द्रगढ़ के स्व. बिसाहू दास महंत पार्क में मीडिया से चर्चा के दौरान जब पत्रकारों ने अन्य मंत्रियों की कथित नाराजगी पर सवाल पूछा, तो डॉ. महंत ने बेहद सधे हुए और सकारात्मक अंदाज में स्वास्थ्य मंत्री का पक्ष लिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल हमारे क्षेत्र के नेता हैं, हमारे अपने हैं। मैं देख रहा हूं कि वे विभाग के लिए जितनी मेहनत करनी चाहिए, उससे भी कहीं ज्यादा जी-जान से जुटे हुए हैं। हम तो मान रहे हैं कि हमारे मंत्री बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। अब अगर कोई उनसे जलकर उनकी बुराई करता है, तो यह उनकी सोच है, हम तो उनके काम की सराहना ही करेंगे। डॉ. महंत ने न केवल मंत्री जायसवाल के कार्यों की तारीफ की, बल्कि उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित भी किया।



### विभागीय समर्पणः सुर्खियों में मंत्री का विजन

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद से ही प्रदेश की स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए मोर्चा संभाल रखा है। चाहे वह अस्पतालों का औचक निरीक्षण हो, विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्तियां सुनिश्चित करना हो या दूरस्थ अंचल तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना। उनका हर कदम जनता के हित में उठ रहा है। यही कारण है कि आज विपक्षी खेमे के सबसे बड़े हस्ताक्षर भी उनके काम को अनुकरणीय मान रहे हैं।

### जनता की सेवा ही मेरा एकमात्र लक्ष्य

इस पूरे घटनाक्रम और नेता प्रतिपक्ष की प्रशंसा पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, डॉ. चरणदास महंत प्रदेश के वरिष्ठ नेता हैं, उनका स्नेह और मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहा है। उनके शब्द मेरे लिए प्रोत्साहन की तरह हैं।

हमारी सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का लक्ष्य अंत्योदय है। यानी कतार के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना। मैं एक सेवक के रूप में अपना कर्तव्य निभा रहा हूं। विभाग में सुधार एक सतत प्रक्रिया है और हम प्रदेश को स्वस्थ छग बनाने के लिए संकल्पित हैं। आलोचनाओं से विचलित हुए बिना मेरा पूरा ध्यान व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने पर है।

सरगुजा मार्केट

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 05 अप्रैल, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 08 अप्रैल, 2026, बुधवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

### 24 घंटे के भीतर हत्या का खुलासा, दो गिरफ्तार

**अनूपपुर।** जिले के कोतमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पकरिहा श्रमिक नगर में हुई हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि रमेश साहू निवासी श्रमिक नगर पकरिहा ने सूचना दी थी कि उसके भाई मनोज साहू उर्फ छोटे की मारपीट कर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही डायल 112 स्टाफ एवं थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। जांच के दौरान रमेश साहू ने बताया कि शिवराम चौधरी उसके भाई मनोज साहू को यूकेलिप्टस के डंडे से पीट रहा था। इस दौरान शिवराम की मां रैमुन बाई भी हाथ-मुक्कों और डंडे से मारपीट कर रही थी। गंभीर चोट लगने से मनोज साहू बेहोश होकर गिर पड़ा, जिसके बाद कुछ समय में उसकी मौत हो गई।

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 12 अप्रैल, 2026, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

### खैर की अवैध तस्करी पर वन विभाग की कार्रवाई, ट्रक जब्त



**अनूपपुर।** जिले में वन विभाग ने अवैध खैर लकड़ी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक जब्त किया है। हालांकि ट्रक चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। वन परिक्षेत्र बिजुरी के अंतर्गत 28 मार्च की रात वन विभाग की टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान मौहरी गोढहा बसखली मार्ग से एक तेज रफ्तार ट्रक (क्रमांक एचआर 69 बी 6524) आता दिखाई दिया। टीम ने टॉर्च के संकेत से ट्रक को रूकवाया, लेकिन चालक वाहन खड़ा कर मौके से फरार हो गया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें लगभग 4 घन मीटर दुर्लभ प्रजाति के खैर की लकड़ी छोटे-छोटे टुकड़ों में कटी हुई पाई गई। वन विभाग ने ट्रक को जब्त कर वन परिक्षेत्र कार्यालय बिजुरी में सुरक्षित रखा है और अज्ञात चालक के खिलाफ वन अपराध दर्ज किया गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी पवन ताम्रकार ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि तस्करों के अन्य वाहन ट्रक के आगे-पीछे चल रहे थे।

## कृषि आदानों में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

खरीफ 2026 सीजन में किसानों को बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक की समय पर एवं निर्धारित दर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। कलेक्टर एमसीबी के निर्देश पर उप संचालक कृषि, जिला एमसीबी ने कृषि आदानों की कालाबाजारी, जमाखोरी, अधिक मूल्य पर विक्रय एवं अवैध भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अभियान संचालित किया जा रहा है। इस उद्देश्य से जिले में उड़नदस्ता टीम का गठन किया गया है। जो सतत रूप से निरीक्षण कर बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेताओं के स्टॉक, वितरण एवं मूल्य की जांच करेगी। टीम द्वारा अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
• उठने बैठने में तकलीफ
• जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
• घुटनों में सूजन होना
• कंधे की ताकत कम होना
• कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
• सुबह जोड़ों में अकड़न होना
• चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल में
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पताः आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप




### पीजी कॉलेज में सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का समापन

**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 23 मार्च से 30 मार्च तक टीचिंग मेथड विषय पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों के प्रशिक्षण से संबंधित अध्यापन की विविध पद्धतियों पर व्याख्यान हुए। कुल 10 सत्रों में देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े विषय-विशेषज्ञों ने अपने व्याख्यान दिए। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के संयोजक प्रो.राजकमल मिश्र ने बताया कि इस दौरान लर्निंग आउटकम, प्रॉब्लम सॉल्विंग तकनीक, क्रिटिकल एवं एनालिटिकल लर्निंग, प्रश्नपत्र निर्माण, संज्ञानात्मक शिक्षण, शिक्षण-भाषा, सहभागिता आधारित शिक्षण, शिक्षण में आईसीटी व एआई तकनीकों का इस्तेमाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अपने शिक्षण को अधिक समावेशी और समयानुकूल बनाना है। कार्यक्रम के उद्घाटन के दौरान क्षेत्रीय अपर संचालक प्रो.रिजवान उल्ला ने कहा कि यह कार्यक्रम सरगुजा संभाग के विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षकों को शामिल होने का मौका प्रदान करते हुए उन्हें भी इस तरह के आयोजनों की प्रेरणा देता है। मुख्य वक्ता एवं एसजीजीयू के पूर्व कुलपति प्रो.पीपी सिंह ने कहा कि एक शिक्षक के रूप में शिक्षण में नवाचार और नवीन शोध को बढ़ावा देना हमारी अनिवार्य ड्यूटी है। प्राचार्य प्रो.अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय निरंतर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे हम शिक्षण में नवाचार को बढ़ावा देते हुए अपने विद्यार्थियों को समय के अनुरूप तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर विद्यार्थियों में जीवन की बेहतर समझ विकसित हो तथा वे देश के जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने उद्देश्य को निश्चित कर सकें इसके लिए पहला कदम शिक्षकों को प्रशिक्षित करना है। समापन के मुख्य अतिथि वीवाईटी दुर्ग के पूर्व प्राचार्य प्रो.आरएन सिंह ने कहा कि शिक्षक का व्यवहार और उसकी शिक्षण-पद्धति विद्यार्थी के जीवन में आमूल-चूल परिवर्तन पैदा कर सकती है। हमें यह समझना होगा कि हम केवल नौकरी नहीं कर रहे हैं बल्कि देश और समाज के हित का सबसे महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं।

### डीएवी एमपीएस भटको बतौली में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**सेदम।** डीएवी एमपीएस भटको बतौली में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए।



विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और अभिभावकों की अच्छी-खासी उपस्थिति रही, जहां सभी अपने-अपने परिणाम को लेकर उत्साहित नजर आए। परिणाम घोषित होते ही विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार चौबे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। विद्यालय परिसर में एक आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया, जहां विद्यार्थियों और अभिभावकों ने अपने दोस्तों और शिक्षकों के साथ तस्वीरें खिंचवाकर इस दिन को यादगार बनाया। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी प्रकार मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

### ठेकेदार मनमाने तरीके से करा रहा निर्माण

# घटिया निर्माण एवं सामग्री का उपयोग करने से ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश



घटिया सामग्री से किया जा रहा तटबंध निर्माण।



मटेरियल की जांच करते जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

ग्रामीणों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो और गांव का विकास हो इसे लेकर शासन प्रशासन न सिर्फ गंभीर है बल्कि करोड़ों रुपए खर्च कर गांव के विकास करने में जुटी हुई है। सरकार द्वारा विभिन्न योजना के लिए राशि तो स्वीकृत की जाती है लेकिन देखरेख के अभाव में न सिर्फ राशि का दुरुपयोग होता है बल्कि घटिया सामग्री का उपयोग किया जाता है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम गंगोटी से शिवपुर नवापारा पहुच मार्ग के निर्माण में देखने को मिल रहा है। आलम यह है कि ठेकेदार द्वारा न सिर्फ घटिया सामग्री का उपयोग कर निर्माण किया जा रहा है बल्कि मनमानी तरीके से सड़क व तटबंध कार्य करा रहे है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्र के ग्रामीण व जनप्रतिनिधियों ने निर्माण पर आपत्ति दर्ज नहीं कराई बावजूद इसके ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई नहीं होने से हौसले बुलंद है।

गंगोटी से शिवपुर नवापारा पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य करीब 7 करोड़ 40 लाख रुपये की लागत से पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि करोड़ों की लागत से हो रहे निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि ठेकेदार की मनमानी के चलते मानकों की अनदेखी कर निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई जगहों पर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है और मानक के अनुरूप निर्माण नहीं हो रहा। जनप्रतिनिधियों द्वारा कई बार आपत्ति जताने के बावजूद निर्माण कार्य में सुधार नहीं हुआ। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि ठेकेदार की पकड़ इतनी मजबूत है कि विभाग के बड़े स्तर तक अधिकारी भी सख्त कार्रवाई करने से बचते हैं। मामले में विभाग के एसडीओ राजीव वर्मा ने कहा था कि यदि निर्माण कार्य की गुणवत्ता सही नहीं पाई गई तो मूल्यांकन नहीं होगा और भुगतान नहीं किया जाएगा। बावजूद इसके कथित रूप से उसी सामग्री से निर्माण कार्य जारी है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

**खास बातें**

- 7 करोड़ 40 लाख की लागत से गंगोटी से शिवपुर नवापारा पहुंच मार्ग का कराया जा रहा निर्माण
- सड़क किनो तालाब तटबंध निर्माण में बरती जा रही लापरवाही

#### निर्माण पूर्ण नहीं होने से बढ़ेगी परेशानी

ग्रामीणों का कहना है कि डबरीपारा से डुमरिया पहुंच मार्ग पर खुटरापारा के पास गोबरी नदी का पुल पिछले वर्ष बरसात में क्षतिग्रस्त होकर टूट चुका है। यदि बरसात से पहले सड़क निर्माण पूरा नहीं हुआ तो न सिर्फ करीब 10 हजार की आबादी प्रभावित होगी बल्कि चार ग्राम पंचायतों के लोगों को ब्लॉक एवं जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए लगभग 25 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से ठेकेदार द्वारा निर्माण कराया जा रहा है उससे सड़क समय पर पूरी होने की उम्मीद काफी कम है और आने वाले मानसून में क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

#### तटबंध निर्माण बरत रहे लापरवाही

सड़क किनारे तालाब तटबंध निर्माण में भी भारी अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार नान तालाब और बहरापारा तालाब के पास बनाए जा रहे तटबंध में क्रेशर डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही बिना सरिया लगाए निर्माण किया जा रहा है, जिससे तटबंध की मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की जांच कराकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की है।

#### की गई है शिकायत

सड़क निर्माण कार्य काफी धीमी से हो रही है। दो स्थानों पर तटबंध बनाया जा रहा है जिसमे सड़क बनाने वाले जीएसबी क्रेशर डस्ट से बना दिया जा रहा है। इस संबध में एसडीओ राजीव वर्मा से शिकायत की गई है। एसडीओ ने मूल्यांकन नहीं करने व तोड़कर पुनः बनाने की बात कही थी लेकिन निर्माण धड़ल्ले से जारी है।

-राजू गुप्ता, जनपद सदस्य गंगोटी

#### कराई जाएगी जांच

सड़क व तटबंध निर्माण मानक अनुरूप नहीं हो रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी। एसडीओ राजीव वर्मा छुट्टी में प्रभारी एसडीओ को भेजकर जांच कराता हूं।गुणवत्ता पूर्ण कार्य पहली प्राथमिकता है।

-ललित भोई
ईई लोक निर्माण विभाग सूरजपुर

## अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर तीन लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अलग अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर तीन लोगों की मौत हो गई। दो लोगों को मेडिकल कालेज अस्पताल जबकि एक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तीनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार पटना थाना अंतर्गत ग्राम डुमरिया निवासी रवि कुमार आ. सोहन राम (36 वर्ष) रविवार की शाम 7 बजे गांव में घूम रहा था। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 16 सीआर 6416 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रायपुर रेफर कर दिया। परिजन युवक को संजीवनी 108 से रायपुर लेकर जा रहे थे और जैसे ही मोरगा के समीप पहुंचे तभी युवक ने दम तोड़ दिया। परिजन युवक को पुनः वापस लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम चौरा निवासी राम लाल आ. मान साय (25 वर्ष) पिछले 10-15 दिन से अपने ससुराल ग्राम जगन्नाथपुर खपरा पारा में रह रहा था। सोमवार को बाइक से काम करने खड़गवां जा रहा था और जैसे ही मिशन स्कूल के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बैरियर से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन युवक को संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक अन्य घटना में सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम चंद्रमेढ़ा कटिड़ा निवासी शिव भजन आ. भंकू (55 वर्ष) 30 मार्च को बाइक लेकर साप्ताहिक बाजार जाने के लिए निकला था। 10 मिनट बाद ही रिश्तेदार ने फोन कर बताया कि शिव भजन का गांव के अटल चौक के समीप एक्सीडेंट हो गया है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा बाइक क्षतिग्रस्त और शिव भजन गंभीर हालत में पड़ा था। जबकि पास ही किसी अज्ञात वाहन का नम्बर प्लेट पड़ा हुआ था। परिजन ने घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। परिजन के मुताबिक शिव भजन की मौत किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है। पुलिस ने तीनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

#### पेड़ से गिरने से गंभीर मजदूर की गई जान

साथियों के साथ पेड़ काटने गया मजदूर पेड़ से नीचे गिर गया। मजदूर को शहर के निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है जहां उपचार के दौरान मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम नरेशपुर निवासी हिरन लाल आ. स्व. लालुआ (35 वर्ष) कुछ दिन पूर्व गांव के 3-4 साथियों के साथ झिलमिली कोटया में पेड़ काटने गए थे। हिरन लाल पेड़ पर चढ़कर डाल काट रहा था तभी डंगाल के नीचे गिरने के दौरान झटका लगने से वह भी नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उसके साथियों ने शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान सोमवार को मजदूर की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर आज परिजन अस्पताल पहुंचे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किय है।

## आम नागरिकों की सुविधा हेतु राजस्व पखवाड़ा आज से

**बलरामपुर।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु जिले के समस्त ग्रामों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़ा कार्यक्रम 1 से 15 अप्रैल, 4 से 18 मई तथा 1 से 15 जून तक आयोजित होगा। राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों को उनकी भूमि एवं राजस्व से जुड़ी समस्याओं का मौके पर ही समाधान जाएगा। अविवादित नामांतरण एवं खाता विभाजन के लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही सीमांकन (ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र), व्यपवर्तन एवं वृक्ष कटाई से संबंधित समय-सीमा से बाहर के मामलों का भी प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।

- राजस्व संबंधी समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

पखवाड़ा के दौरान नक्शा बंटाकन तथा सभी भूमिस्वामियों के खातों में आधार नंबर, मोबाइल नंबर, किसान किताब एवं जेंडर की प्रविष्टि शत-प्रतिशत पूर्ण की जाएगी। शिविरों में प्राप्त होने वाले आवेदन जैसे फौती नामांतरण, बंटवारा एवं अभिलेख त्रुटि सुधार के मामलों को ऑनलाइन दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही जैसे पंचनामा, नोटिस जारी कर त्वरित निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही जनहानि, फसल क्षति एवं पशु हानि से संबंधित आर.बी.सी. 6-4 के प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण किया जाएगा। भू-अर्जन से संबंधित मामलों को समय-सीमा में निराकरण कर सेवा शुल्क की अद्यतन जानकारी भी संधारित की जाएगी। स्वामित्व योजना के अंतर्गत अधिकार अभिलेखों का वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। साथ ही वार्षिक कृषि सांख्यिकी एवं फसल प्रतिवेदन वर्ष 2025-26 की जानकारी को अद्यतन करने का कार्य भी किया जाएगा। अभिलेखों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए त्रुटिपूर्ण खसरा, संदेहास्पद खसरा, शून्य रकबा एवं भूमि स्वामी विहीन खसरों का शत-प्रतिशत निराकरण एवं शिविर स्थल पर ही बी-01, खसरा एवं किसान किताब से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र से संबंधित सभी आवेदनों को लोक सेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज कर समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा।



### खदान प्रभावित गांवो में स्वास्थ्य शिविर, 189 ग्रामीण हुए लाभान्वित

**बिश्रामपुर।** खदान प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्रीय चिकित्सालय बिश्रामपुर द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह के निर्देशन में किया गया।तीन दिनों तक अलग-अलग गांवों में आयोजित इन शिविरों में कुल 189 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयां एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत 28 मार्च को केतकी भूमिगत खदान क्षेत्र के ग्राम जोबगा में आयोजित शिविर में 61 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें आवश्यकता अनुसार दवाइयां दी गई। 30 मार्च को खदान प्रभावित ग्राम लाछा में लगाए गए शिविर में 63 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं,इसी कड़ी में 31 मार्च को ग्राम केतका में आयोजित शिविर में 65 लोगों का उपचार किया गया। शिविरों में रक्तचाप, श्वसन संबंधी समस्याएं, सामान्य बुखार, कमजोरी, त्वचा रोग सहित विभिन्न बीमारियों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। इस दौरान केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ निरंजन कुमार के नेतृत्व में डॉ श्रीता लाल, डॉ हर्षवर्धन, डॉ भावदीप सोढ़ी,डॉ वीर भारत एवं डॉ संगीता सहित चिकित्सा टीम ने अलग-अलग दिनों में अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने, संतुलित आहार लेने एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी,उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़ी बीमारियों का कारण बन सकती हैं। इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कहा कि यह पहल केवल स्वास्थ्य सेवा तक सीमित नहीं है,बल्कि मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का एक सशक्त उदाहरण है।

## सूरजपुर व संस्कृति शाखा को प्रांतीय सभा सह लघु अधिवेशन में मिले जनसेवा के पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रांतीय सभा व लघु अधिवेशन का आयोजन अकलतरा व जागृति शाखा की आतिथ्य में संपन्न हुआ। सूरजपुर संस्कृति शाखा को जनसेवा के क्षेत्र सहित समर्पण व सेवा कार्यों के लिए प्रदेश के वार्षिक सम्मान में 9 सम्मान व सूरजपुर संस्कृति शाखा की सचिव श्रीमती लहर मित्तल को प्रांत का श्रेष्ठ सचिव का व्यक्तिगत पुरूस्कार मिला। प्रांतीय अध्यक्ष प्रशांत गांधी, कार्यकारी अध्यक्ष रीना केडिया व उनकी टीम द्वारा सांस्कृति शाखा को सिलाई मशीन तथा सूरजपुर शाखा को वॉटर डिस्पेंशर भी प्रांत द्वारा प्रदान किया गया।

- प्रांतीय वार्षिक पुरस्कारों में दोनों शाखाओं ने बढ़ाया सूरजपुर मान



जनसेवा से पुरस्कृत सदस्य।

आयोजन में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल लाखोटिया व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया सहित पूरे प्रदेश से 80 शाखाओं के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। सूरजपुर व सूरजपुर संस्कृति शाखा को मुख्य रूप से अग्रिम शुल्क प्रेषण पुरस्कार, विशिष्ट शाखा पुरस्कार, सेवा संस्कार पुरस्कार, स्थाई अमृतधारा पुरूस्कार व कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर, चित्रकला प्रतियोगिता इत्यादि के नगर में सफल संचालन व आयोजन पर प्रांतीय पुरस्कार प्राप्त हुए। जिसे पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मुकेश गर्ग, अंकुर गर्ग के नेतृत्व में दोनों शाखाओं का पुरस्कार सूरजपुर में प्रदान किया गया।

इस दौरान ममता गर्ग, आशा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, प्रज्ञा तायल, विजया गर्ग, सोमिल अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, लहर मित्तल, मोनिका अग्रवाल, सविता अग्रवाल, सुमित मित्तल, कान्हा जिंदिया, प्रथम गर्ग, यश अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## विधायक ने सड़क निर्माण का किया भूमि पूजन

**शंकरगढ़।** सामरी विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी विकास को गति देते हुए विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने ग्राम पटना में 2 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सड़क निर्माण का का विधिवत भूमि पूजन किया। यह सड़क ग्राम पंचायत शंकरगढ़ अंतर्गत बचवार से पटना भंडारपारा तक बनेगी जो क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ते हुए सीधे जिला मुख्यालय बलरामपुर तक आवागमन को सुगम बनाएगी। इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने कहा कि सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रही है। बरसात के दिनों में कच्ची और जर्जर सड़क के कारण लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, विशेषकर मरीजों, विद्यार्थियों और किसानों को आवाजाही में परेशानी होती थी। उन्होंने बताया कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस सड़क को प्राथमिकता के आधार पर बजट में शामिल कराया गया और आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृति दिलाकर आज निर्माण कार्य की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर यातायात सुविधा



मिलेगी, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। साथ ही यह मार्ग जिला मुख्यालय बलरामपुर से सीधा जुड़ाव स्थापित करेगा, जिससे क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द सड़क का लाभ मिल सके। इस दौरान गीता पैकरा, चिंतामणि भगत, अमिताभ सिंहदेव, तिलासाय, अनुरंजन यादव, मुकेश कश्यप, मोनू अग्रवाल, सोमरा नगेशिया, शनियारों टोप्पो, डीगेश यादव, नीरज यादव, अंबुज यादव, परमेश्वर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जरही मंडल में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

भारतीय जनता पार्टी के जरही मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत 28 एवं 29 मार्च को मंगल भवन में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। शिविर में संगठन की मजबूती, विचारधारा के विस्तार और कार्यकर्ताओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह, अनुशासन एवं सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।



प्रशिक्षण शिविर में शामिल भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रथम सत्र में जिला महामंत्री अशोक सिंह ने भाजपा की कार्य पद्धति, संगठनात्मक संरचना एवं कार्यशैली पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में जिला महामंत्री शशिकांत गर्ग ने संगठन की विचारधारा एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्रवाद, अंत्योदय और सेवा भाव पर आधारित विचारधारा का संगठन है। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सुदृढ़ करने और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। अन्य सत्रों में दीपेंद्र सिंह चौहान ने सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी, ललित गोयल ने संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया। जिला मंत्री राजेश्वर तिवारी ने बूथ सशक्तिकरण पर मार्गदर्शन दिया। प्रदेश सहसंयोजक रितेश गुप्ता ने कार्य विस्तार विषय पर जानकारी दी। वहीं ज्ञान प्रकाश दुबे ने सोशल मीडिया, नमो ऐप एवं सरल ऐप के उपयोग पर प्रशिक्षण दिया। अंतिम सत्र में परीक्षा एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रशिक्षण का आकलन किया गया। समापन सत्र में वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष चंद्रमणि पैकरा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूतन विश्वास, किसान मोर्चा बिलासपुर संभाग प्रभारी लाल संतोष सिंह, महिला मोर्चा जिला महामंत्री नेहा तिवारी, सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक शरद चंद्र द्विवेदी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, गोपाल शरण सिंह, अभय तिवारी, इंदू सिंह, सत्यनारायण चौधरी, पूरन राजवाड़े, मुकेश सिंह, अवधेश पांडे, लालसाय पावले, दीपक मिश्रा, अनुराग द्विवेदी, विश्वजीत सोनी, संतोष यादव, रामदेव रजक ,अजीत गुप्ता, प्रतीक जायसवाल, मीना श्रीवास्तव, हीरालाल कौशिक, शशि रंजन सिंह, विकास तिवारी, ओपी सिंह, बसंत यादव, शुभम जायसवाल, सौरभ गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगें
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशिष कुमार जायसवाल — जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS,DCH,DNB — शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS,DNB,Ortho — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले — MBBS,DCH,DNB — नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS,MS (General Surgeon) — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS,DNB,Ortho — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि — दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 9826183780,8224007799,9425583780,9406183780 8224007766,8224007755,9406183780,8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर

**प्रतापपुर।** नगर के प्राचीन पक्की तालाब हनुमान मंदिर सूर्य मंदिर में 2 अप्रैल को होने वाले हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी जोरों पर की जा रही है। जन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम एवं भव्य रूप से करवाने के लिए समिति के कार्यकर्ता जुट गए हैं। वहीं स्थानीय हनुमान मंदिर में वृहद आयोजन की तैयारी को लेकर टेंट पंडाल लाइटिंग झालर का अद्भुत दृश्य देखने को मिलेगा तथा हनुमान जन्म उत्सव के दिन गुरुवार को माँ वैष्णवी जागरण मंच के भजन गायक बबीता विश्वास एवं उनके टीम द्वारा भजनों की अमृत वर्षा होगी। गायत्री परिवार द्वारा दीप प्रज्वलित, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, भंडारा, दीप उत्सव, बजरंगबली की अलौकिक श्रृंगार, भव्य एवं आकर्षण का केंद्र होगा। ज्ञात हो कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों का जन्म सैलाब उमड़ेगा। इस दौरान मंदिर पुजारी दीपक दुबे, समर कश्यप, संदीप रजक, राजेश कश्यप, भरत सोनी, राजेश गुप्ता, अमन मित्तल, संजीत जायसवाल, शुभम कश्यप सहित अन्य भक्त सक्रिय है।

### हनुमान जयंती पर निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

**सूरजपुर।** नगर के पंच मंदिर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाने की तैयारी की जा रही है। आयोजन समिति द्वारा भव्य कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें धार्मिक अनुष्ठान, शोभायात्रा, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण जैसे कई आयोजन शामिल है। हनुमान मंदिर में बुधवार सुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना और श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। शोभायात्रा के दौरान भगवान हनुमान की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा, साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी सतर्क है। हनुमान जयंती के अवसर पर गुरुवार को दोपहर में महाप्रसाद वितरण किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### मार्च माह के अंतिम दिन 11 कोल कामगार हुए सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के विभिन्न खदानों कार्यालयों,कर्म शालाओं में कार्यरत 11 कोल कर्मी मंगलवार 31 मार्च को कंपनी की सेवा से सेवानिवृत्त हो गए हैं। सेवानिवृत्त कामगारों को यूनिट स्तर पर विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई,सेवानिवृत्त हुए कामगारों में अमेरा खदान से रूप साय, शक्तिपद रजवार, गायत्री खदान से अवतार सिंह, रेहर खदान से अमीर साय, एरिया हेड क्वार्टर से संगीता देवी कुमदा सब एरिया से मुख्तार आलम, कुमदा 7-8 खदान से महेंद्र पांडेय, बालराम, बलरामपुर 10-12 नंबर खदान से विनोद कुमार, राजेश कहार एवं आमगांव खदान से प्रेमचंद के नाम शामिल हैं।

### जन्मेजय भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने

**अम्बिकापुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने विधि प्रकोष्ठ के नवीन कार्यकारिणी का गठन किया है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव





ने सरगुजा में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक का दायित्व संघ से लंबे समय से जुड़े रहे अधिवक्ता जन्मेजय पाण्डेय को सौंपा है। श्री पाण्डेय लंबे समय से संघ परिवार से जुड़े रहे है। उनको सौंपे गए दायित्व से संघ परिवार के साथ ही जिला भाजपा एवं अधिवक्ताओं में हर्ष व्याप्त है। साथ ही अधिवक्ता राजेन्द्र सिंह पैकरा, श्रीमती ममता टांडिया एवं प्रकाशमणि त्रिपाठी को सह संयोजक बनाया गया है।

## पेज 1 के शेष...

### राष्ट्रीय कुश्ती स्पर्धा के पुरुष वर्ग...

ओड़िसा के अजीत भुयां को गोल्ड, महाराष्ट्र के पारस सुभाष बिड़कर को सिल्वर, महाराष्ट्र के विकी रामचन्द्र उइके एवं हिमाचल प्रदेश के अब्दुल खान को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। पुरूष ग्रीको रोमन सीनियर 77 किलोग्राम में झारखंड के अभिषेक मुंडा ने गोल्ड, हिमाचल प्रदेश के अर्फ़न ने सिल्वर, तेलंगाना के जादव चरण एवं जम्मू-कश्मीर के इंजमाम ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पुरूष फ्रीस्टाइल सीनियर 86 किलोग्राम में हिमाचल प्रदेश के सुमित ठाकुर को गोल्ड, जम्मू-कश्मीर के बहादुर खान को सिल्वर, हिमाचल प्रदेश के शब्बीर खान को कांस्य पदक प्राप्त किया। पुरूष ग्रीको रोमन सीनियर 130 किलोग्राम में मध्यप्रदेश के शिवा भलावी को गोल्ड, जम्मू कश्मीर के दिलेर खान को सिल्वर, तेलंगाना के कर्रा राजू को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

## 8 ट्यूबवेल किया क्षतिग्रस्त

# कल्याणपुर के कोटबहरा गांव में हाथियों के दल ने किसानों की फसलें की बर्बाद



तरबूज की फसल को रौंदते हाथी।



ग्रामीणों के साथ क्षति का जायजा लेतीं मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बात**

- दो हफ्ते से अधिक समय से भय के साए में रह रहे ग्रामीण

ग्राम कल्याणपुर के कोटबहरा गांव में पिछले पंद्रह दिनों से जंगली हाथियों का एक दल गांव में लगातार उत्पात मचा रहा है,सोमवार की रात यह संकट को पुनः चार हाथियों का झुंड गांव में घुस आया और किसानों की फसलों को क्षति पहुंचाई है। रात के सन्नाटे में हाथियों ने कोटबहरा गांव में प्रवेश कर कई खेतों और ट्यूबवेल को क्षतिग्रस्त किया है। इस हमले में गांव के राम बहाल, बुधराम सिंह, गंगाराम, रामधनी, इंद्र प्रसाद, अजय सिंह और रति जायसवाल सहित कई किसानों के 8 ट्यूबवेल क्षतिग्रस्त हो गए। इंद्र प्रसाद का ट्यूबवेल कक्ष भी पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया,हाथियों ने खेतों में खड़ी गेहूं, खीरा और गन्ने की फसल को बुरी तरह रौंद दिया है।



हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त ट्यूबवेल।

किसानों का कहना है कि यह फसल उनकी सालभर की मेहनत और आजीविका का आधार थी, जो अब पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है।ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का यह दल दिन के समय पास के जंगल में छिपा रहता है और जैसे ही अंधेरा होता है, पानी और भोजन की तलाश में गांव की ओर निकल पड़ता है,यह सिलसिला पिछले दो हफ्तों से लगातार जारी है, जिससे ग्रामीणों का सामान्य जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है एवं किसानों की अब तक कई लाख रुपये की फसल बर्बाद हो चुकी है,कोटबहरा गांव का हर परिवार इस समय भय के साए में जी रहा है। हालात इतने भयावह हैं कि लोग अपने घरों में सोने की हिम्मत नहीं कर पा रहे। गांव के लोग रात होते ही एक स्थान पर इकट्ठा हो जाते हैं, अलाव जलाते हैं और पूरी रात जागकर पहरा देते हैं,इस पूरे घटनाक्रम में वन विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग के पास न तो पर्याप्त वाहन हैं और न ही पर्याप्त कर्मचारी,पूरे इलाके के लिए केवल एक वाहन उपलब्ध है, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव नहीं हो पा रही,हाथियों को खदेड़ने या नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस रणनीति जमीन पर नजर नहीं आ रही है,ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को कैबिनेट मंत्री एवं भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े कल्याणपुर के दौरे पर पहुंचीं,पीड़ित किसानों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि हाथियों के दल को सुरक्षित तरीके से जंगल में वापस भेजा जाए। प्रभावित क्षेत्र में वन अमले की संख्या बढ़ाई जाए,गांव में लगातार निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था की जाए, फसल और संपत्ति के नुकसान का शीघ्र सर्वे कर उचित मुआवजा दिया जाए, ग्रामीणों ने बताया कि पखवाड़े भर पूर्व पांच सदस्यीय हाथियों का दल सरहदी बलरामपुर जिले से कोट बहरा गांव पहुंचा था,जिसमें एक हाथी ने दल से भटक कर गत दिनों बलरामपुर जिले की ओर वापस लौट चुका है,इसके बाद अब चार सदस्यीय हाथियों का दल गांव में कोहराम मचा रहे हैं।



## 12 हाथियों का दल पहुंचा सीतापुर-मैनपाट मुख्य मार्ग के किनारे, आवागमन ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपाट

- वनकर्मी बैरिकेडिंग कर रोक रहे यात्रियों को

मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल से उड़ीसा के सफर पर निकले हाथियों का गौतमी दल वापस लौटते ही अपनी ताकत दिखाना शुरू कर दिया है। हाथियों का दल मंगलवार को पूरे दिन मैनपाट-सीतापुर मुख्य मार्ग के समीप जंगल में डेरा जमाए रहा। हाथियों के मुख्य मार्ग के निकट पहुंचने की सूचना पर वनकर्मियों ने सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग कर आवागमन रोक दिया है।

मैनपाट एवं सीमावर्ती कापू जंगल में लम्बे समय से भ्रमण कर रहा 9 सदस्यीय हाथियों का दल अगस्त महीने में उड़ीसा भ्रमण पर चला गया था। हर साल हाथियों का दल अपने निर्धारित समय से उड़ीसा की ओर जाता है तथा कुछ महीने भ्रमण करने के बाद वापस लौट आता है। पिछले साल दल के पांच हाथी उड़ीसा में ही रूक गए थे तथा 9 हाथी वापस लौटे है। इस बार दल में 3 सदस्यों की वृद्धि होने के कारण हाथियों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। एक सप्ताह पूर्व ही हाथियों का दल उड़ीसा से वापस कापू जंगल पहुंचा था तथा कापू जंगल में कुछ समय गुजारने के बाद हाथी चोरकी पानी, रगुआपारा, डाटीढाब, घटगांव के रास्ते दोपहर 12 बजे माटी घाट स्थित फारेस्ट रेस्ट हाउस से सटे जंगल में पहुंच गए। हाथी जंगल में कुछ देर इधर-उधर घूमने के बाद मैनपाट-सीतापुर मुख्य मार्ग के किनारे पहुंच गए तथा देर शाम तक डेरा जमाए रहे। हाथियों द्वारा सड़क से गुजरने वाले लोगों पर हमला करने की संभावना को देखते हुए वनकर्मियों ने ग्राम विजलवा एवं वंदना में सड़क पर बैरिकेडिंग लगा आवागमन को रोका। बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन सीतापुर एवं अम्बिकापुर से आवागमन करते हैं तथा शाम के दौरान आवागमन करने वाले लोगों की संख्या बढ़ जाती है।

खतरे को देखते हुए वनकर्मियों ने मुख्य मार्ग के पास हाथियों के मौजूद होने की जानकारी देकर यात्रियों को वापस लौटाया तथा हाथियों के मुख्य मार्ग से दूर जंगल में जाने के बाद ही मार्ग से सफर करने की सलाह दे रहे है। देर शाम 7 बजे तक हाथियों के सड़क के पास ही जमे होने के कारण बेरिकेडिंग को यथावत रखा गया है।

## पंजीयन कार्यालय में स्टांप वेंडर ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- अधिकारियों पर लगाए आरोप

रजिस्ट्रार कार्यालय में अधिकारी के व्यवहार से आक्रोशित होकर स्टांप वेंडर ने मंगलवार को जमकर हंगामा मचाया। वेंडरों ने अधिकारी पर व्यवहार और उनके पंजीयन को रीन्यूवल करने के नाम पर पैसे मांगने का आरोप लगाया है जिससे आने वाले दिनों में अधिवक्ताओं और लोगों को टिकट, स्टांप नहीं मिल पाएगा।

बताया जा रहा है कि मंगलवार को शासकीय अवकाश घोषित होने के बाद भी 31 मार्च के कारण रजिस्ट्रार कार्यालय खुला हुआ था और जमीन की रजिस्ट्री के कार्य चल रहे थे। इस दौरान स्टांप वेंडरों ने रजिस्ट्रार कार्यालय परिसर में जमकर हंगामा मचाया और विरोध प्रदर्शन किया। स्टांप वेंडर राम मालवीय, महेंद्र विश्वकर्मा सहित अन्य का आरोप है कि स्टांप वेंडर के पंजीयन एक साल के लिए होता है और प्रतिवर्ष एक 1 अप्रैल से पहले उन्हें अपने पंजीयन को रीन्यूवल कराना होता है। मंगलवार को वे अपने पंजीयन के रीन्यूवल हेतु कार्यालय में गए हुए थे जहां अधिकारी द्वारा उनके साथ गलत व्यवहार किया गया और स्टांप व टिकट से कमाई का हवाला देकर अपने लिए 3 से 5 हजार रूपए की मांग सभी से की। इस दौरान उन्होंने विरोध जताया तो अधिकारी ने पंजी पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्त हो



चुका है और 1 अप्रैल से बिना पंजीयन के वे स्टांप और टिकट की बिक्री नहीं कर पाएंगे इससे अधिक्वताओं के साथ ही अन्य लोगों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### अंतिम दिन हो रहे रजिस्ट्री के कार्य

31 मार्च को क्लोजिंग का दिन था और फिलहाल रजिस्ट्री के कार्य हो रहे है। अवकाश के बाद भी वित्तीय वर्ष के अंत में कार्यालय खोलकर रजिस्ट्री हो रही है इसके अलावा शेष कार्यों को कार्यालयीन समय में किया जाएगा। शेष सभी आरोप निराधार है। स्टांप वेंडर कार्यालयीन दिवस में आकर हस्ताक्षर करा सकते है।

**-रॉबर्ट तिर्की**, उप पंजीयक

### पेड़ काटने से मना करने पर दो लोगों ने किया फायर वॉचर के साथ मारपीट

**अम्बिकापुर।** भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम रामपुर चिकनी निवासी हीरालाल मानिकपुरी आ. स्व. सदर राम (50 वर्ष) वन बीट डुमरिया में फायर वाचर के पद पर पदस्थ है। 29 मार्च को अपने साथी फायर वॉचर मोहन यादव और सुरेंद्र पाटले के साथ वन बीट ग्राम डुमरिया में घूम रहे थे तभी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर बताया कि डुमरिया बीट में गांव वाले चार नग सरई पेड़ को काट दिए हैं। जानकारी लगने पर रवाडीह गौशाला के पास पहुंचे तो देखा कि डुमरिया गांव के अनिल पाटले, निर्मल लोहार वहां पर चार नग सरई के पेड़ को काट रहे थे। पेड़ काटने से मना करने पर नाराज होकर दोनों गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हीरालाल की जमकर पिटाई कर दी। हीरालाल ने घटना की रिपोर्ट भटगांव थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 296(बी), 115(2) ,351(3), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## समोसा का पैसा मांगने पर होटल संचालक से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** होटल संचालक से बिना पूछे से ही समोसा खा लेने तथा संचालक द्वारा पैसा मांगने पर युवक ने संचालक की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम अनरोखा निवासी हीरामन राजवाडे आ.स्व. चमरकेश्वर राजवाडे (45 वर्ष) गांव के ही चौराहे के समीप होटल का संचालन करता है। रविवार की शाम लगभग 4.30 बजे पत्नी के साथ होटल में था तभी बांधपारा निवासी राम कुमार पैकरा आया और होटल संचालक से बिना पूछे ही एक समोसा उठाकर खा लिया। समोसा खाने पर होटल संचालक हीरामन ने पैसा की मांग की तो राम कुमार पैसा देने से इनकार करते हुए विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि राम कुमार ने गाली-गलौज करते हुए होटल संचालक के साथ मारपीट करते हुए सिर पर ईंट से वार कर दिया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। होटल संचालक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 296(बी), 115(2), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह मार्च 2026 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 13 दिन | 4.00 | 52.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 29 दिन, | कुल योग= | 132.00 |

कृपया पाठकगण माह मार्च 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अप्रैल 2026 तक जमा करें।

**प्रसार प्रबंधक**
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## लखनपुर मंडल में दो दिवसीय पं दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान का समापन

**अम्बिकापुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान अंतर्गत दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन नवीन सामुदायिक भवन लखनपुर में किया गया। कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण पश्चात अतिथियों ने पार्टी के इतिहास एवं योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता भारत सिंह सिसोदिया ने पार्टी की विचारधारा, संगठन की मजबूती एवं आगामी रणनीतियों पर प्रकाश डाला। मंत्री राजेश अग्रवाल ने सरकार की योजनाओं एवं संगठन की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। दूसरे सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, तृतीय सत्र में अंबिकेश केसरी, चतुर्थ सत्र में श्रीमती फुलेश्वरी सिंह मुख्य वक्ता रही। अंतिम सत्र में नितेश सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, महामंत्री विनोद हर्ष, श्रीमती अरूणा सिंह एवं रूपेश दुबे आदि उपस्थित थे। दूसरे दिवस के प्रथम सत्र में धनंजय द्विवेदी, द्वितीय सत्र में मनोज गुप्ता एवं अंतिम सत्र में राधेश्याम ठाकुर मुख्य वक्ता थे। वक्ताओं ने पार्टी के इतिहास, नीति, सिद्धांत एवं संगठनात्मक कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, यतेंद्र पाण्डेय, सचिन बंसल, महेश्वर राजवाड़े, रामसागर साहू, कृष्ण गुप्ता, सुरेश जायसवाल, राजेंद्र गुप्ता, चेतन राजवाड़े, अनिल राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**हरिभूमि** नं. 1 **आवश्यक सूचना**

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार **हरिभूमि** के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## महान-3 खदान को लेकर ग्रामीणों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर


- जिला प्रशासन-एसईसीएल से बैठक रही बेनतीजा

प्रतापपुर इलाके में एसईसीएल की महान-3 खदान और भूमि अधिग्रहण को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। खदान से प्रभावित ग्रामीणों और कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल आज कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां उन्होंने जिला प्रशासन और एसईसीएल के अधिकारियों के साथ बैठक कर अपनी समस्याओं को रखा। यह बैठक उस बड़े विरोध प्रदर्शन के बाद हुई, जब कुछ दिन पहले कांग्रेस और प्रभावित ग्रामीणों ने खदान क्षेत्र में कोयला परिवहन को करीब 10 घंटे तक बंद कर दिया था। दरअसल विवाद की शुरुआत उस कार्रवाई से हुई, जब प्रतापपुर क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव में पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजू मिंज के पैतृक मकान पर रात के समय बुलडोजर चलाने का आरोप लगा।



ग्रामीणों का कहना है कि बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के मकान को तोड़ दिया गया जिससे इलाके में भारी आक्रोश फैल है। इस घटना के विरोध में ग्रामीणों और कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम कार्यालय का घेराव के बाद खदान परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ घंटों प्रदर्शन किया था। साथ ही प्रशासन व एसईसीएल की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। इसी मुद्दे को लेकर आज 10 गांवों के ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल पूर्व अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचा और कलेक्टर तथा एसईसीएल के जीएम के साथ विस्तृत चर्चा की। हालांकि बैठक के बाद प्रतिनिधिमंडल ने इसे बेनतीजा बताते हुए कहा कि खदान क्षेत्र में आने वाली जमीन का पूरा ब्यौरा और दस्तावेज सार्वजनिक किए बिना एसईसीएल को काम नहीं करने दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं और देश को कोयले की जरूरत है तो कोयला मिलेगा, लेकिन पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रभावित पंचायतों में अब तक ग्राम सभा नहीं कराई गई, जबकि यह पांचवीं अनुसूची क्षेत्र है और यहां पेसा कानून लागू होता है। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि प्रभावित गांवों में ग्राम सभा कराकर ही रहेंगे और अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। जिला प्रशासन का कहना है कि ग्रामीणों की सभी आपत्तियों और समस्याओं से एसईसीएल प्रबंधन को अवगत करा दिया गया है और उनसे संबंधित दस्तावेज साझा करने के लिए भी कहा गया है। प्रशासन के मुताबिक बैठक शांतिपूर्ण माहौल में हुई और ग्रामीण संतुष्ट नजर आए, फिलहाल किसी तरह के विवाद की स्थिति नहीं है। हालांकि जमीन अधिग्रहण और बुलडोजर कार्रवाई को लेकर इलाके में माहौल अब भी गर्म है और ग्रामीण अपनी मांगों पर कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की लड़ाई जारी रखने की बात कह रहे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com




07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

**नेपाल विदेश यात्रा**

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),

राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

**श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति**

RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411